# मसूरी में छठा क्षमता निर्माण कार्यक्रम

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **श्रीलंका समाजवादी गणराज्य के** सिविलि सेवकों के लिये छठा क्षमता निर्माण कार्यक्रम मसूरी में राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (NCGG) में शुरू हुआ।

## मुख्य बिंदु

- **कार्यक्रम की अवधि एवं प्रतिभागी:**
  - यह कार्यक्रम 9 से 20 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा।
  - इस कार्यक्रम में **श्रीलंका के 40 मध्य-कैरियर सिविल सेवक भाग ले रहे हैं,** जिनमें विभागीय सचिव, सहायक विभागीय सचिव, ज़िला सचिव तथा लोक प्रशासन, गृह मामले, कृषि एवं पशुधन तथा स्वास्थ्य जैसे प्रमुख मंत्रालयों के अधिकारी शामिल हैं।
  - **प्रतिभागियों में श्रीलंका विकास प्रशासन संस्थान (SLIDA)** के अधिकारी भी शामिल हैं।
  - कार्यक्रम का उद्देश्य शासन और प्रशासन की व्यापक समझ प्रदान करना है।
- **सत्र निम्नलिखित पर केंद्रित होंगे:**
  - बुनियादी प्रशासन
  - स्वास्थ्य देखभाल और सार्वजनिक प्रशासन में नीतिगत ढाँचे।
  - शासन में प्रौद्योगिकी, विशेषकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) की भूमिका।
  - सफल शासन मॉडल, जिसमें शहरी और गैर-जैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट प्रबंधन की अंतर्दृष्टि के साथ अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियाँ शामिल हैं।
- **कवर किये गये विषयों में शामिल हैं:**
  - शासन के परिवर्तित मानक
  - ई-ऑफिस, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना।
- रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (RERA), जलवायु परिवर्तन **प्रभाव,** आधार।
- **महत्त्वपूर्ण संस्थानों का क्षेत्रीय दौरा जैसे:**
  - वन अनुसंधान संस्थान (FRI), ज़िला प्रशासन गाजियाबाद और साइबर सुरक्षा **सेल नोएडा।**
  - ग्लोबल रोबोटिक्स कंपनी, पीएम गति शक्ति **अनुभूति केंद्र,** भारत मंडप और प्रधानमंत्री संग्रहालय।
  - ताजमहल की यात्रा।
- **NCGG की वैश्विक प्रशिक्षण भूमिका:**
  - **वर्ष 2014 में स्थापित** NCGG ने 214 वरिष्ठ श्रीलंकाई अधिकारियों को प्रशिक्षित किया है।
  - इसने मलेशिया, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, केन्या, दक्षिण अफ्रीका और फिजी सहित **34 देशों के अधिकारियों को शासन प्रशिक्षण प्रदान किया है।**

## आयुष्मान भारत-PMJAY

- पीएम-जेएवाई **दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है** जो पूरी तरह से सरकार द्वारा वित्तपोषित है।
- फरवरी 2018 में लॉन्च की गई यह योजना द्वितीयक और **तृतीयक देखभाल के लिये प्रति परिवार 5 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान करती है।**
  - स्वास्थ्य लाभ पैकेज में सर्जरी, चिकित्सा और डे केयर उपचार, दवाओं और निदान की लागत शामिल है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-6th-capacity-building-program-in-mussoorie